# मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग

**विज्ञप्ति क्रमांक 25/ 01/2016/चयन , दिनांक 06.04.2016**

**राज्य सेवा मुख्य परीक्षा– 2014 लिखित परीक्षा के परिणाम पश्चात् अभिलेख प्रस्तुत किये जाने संबंधी जानकारी ।**

01 आयोग के विज्ञापन क्रमांक 03/परीक्षा/2014/24.12.2014 के अंतर्गत राज्य सेवा परीक्षा–2014 के रिक्त पदों की पूर्ति हेतु विज्ञापन जारी किया गया है राज्य सेवा मुख्य परीक्षा दिनांक 28.10.2015 से 03.11.2015 तक आयोजित की गई थी, लिखित परीक्षा का परिणाम दिनांक 30/03/2016 को घोषित किया गया है । साक्षात्कार पूर्व आयोग की वेबसाइड www.mppsc.com एवं www.mppsc.nic.in से व्यक्तिगत विवरण पत्रक, अनुप्रमाणन फार्म एवं उपस्थित पत्रक की प्रति डाउनलोड की जा सकती है ।

02 **निम्नलिखित दस्तावेज दिनांक 30.04.2016 तक डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर जमा करना अनिवार्य हैं :–**

01 **व्यक्तिगत विवरण पत्रक :–** एक मूल प्रति समस्त कॉलम की पूर्ति कर प्रस्तुत करना हैं ।

02 **अनुप्रमाणन फार्म :–** एक मूल प्रति समस्त कॉलम की पूर्ति कर प्रस्तुत करना है ।

03 हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा की अंकसूची की स्वप्रमाणित छायाप्रति ।

04 स्नातक प्रत्येक वर्ष की अंकसूचियॉ एवं उपाधि की स्वप्रमाणित छायाप्रति ।

05 मूल निवासी /स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति, उक्त प्रमाण पत्र मे क्रमांक, एवं जारी करने का दिनांक एवं गोल सील अंकित होना अनिवार्य है, साथ ही जारीकर्ता अधिकारी के हस्ताक्षर एवं पदनाम की सील अंकित होना अनिवार्य है ।

06 **सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र । विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति । जाति प्रमाण पत्र में जारी करने की दिनांक, गोल सील एवं प्रकरण क्रमांक दर्ज होना अनिवार्य है जाति प्रमाण पत्र केवल म.प्र. शासन द्वारा निर्धारित प्रपत्र में जारी किया गया ही मान्य होगा।**

07 जिला चिकित्सालय बोर्ड म.प्र. द्वारा जारी निःशक्तजन प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति, प्रमाण पत्र अस्थायी अवधि का जारी होने पर वैधता अवधि नवीनीकरण आवश्यक है ।

08 पहचान प्रमाण पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक की प्रति, शासकीय कर्मचारी होने पर नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति )।

09 भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति मे भूतपर्व सैनिक का प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति ।

10 शासकीय सेवक होने की स्थिति मे विभाग द्वारा जारी अनापत्ति प्रमाण पत्र की छायाप्रति ।

11 सादे कागज पर घोषणा–पत्र जिसमें उल्लेख किया गया हो कि ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की तिथि से साक्षात्कार दिवस की अवधि तक संघ लोक सेवा आयोग/राज्य लोक सेवा आयोग/विश्वविद्यालय स्तर पर किसी भी परीक्षा से विवर्जित नहीं किया गया हैं ।

12 प्रारंभिक एवं मुख्य परीक्षा के ऑनलाईन आवेदन पत्र की छायाप्रति ।

03 आपके द्वारा भेजे गये समस्त प्रमाण पत्रों की समीक्षा की जावेगी, जिसमे यह देखा जावेगा कि आप विज्ञापन मे विज्ञापित समस्त अर्हताओं को पूर्ण करते है अथवा नहीं, आवेदन पत्रों की समीक्षा उपरांत जो आवेदक विज्ञापन मे विज्ञापित शैक्षणिक अर्हता एवं अन्य शर्तो को पूर्ण नही करते है, उन्हे साक्षात्कार हेतु अनर्ह घोषित किया जावेगा । साक्षात्कार हेतु अर्ह आवेदकों को साक्षात्कार पत्र पृथक से भेजे जावेगें ।

04 **साक्षात्कार हेतु योग्य आवेदकों को साक्षात्कार दिवस को निम्नलिखित मूल प्रमाण पत्र एवं उनकी स्वप्रमाणित छायाप्रति निम्नानुसार प्रस्तुत की जाना होगी :–**

01 हाईस्कूल एवं हायर सेकण्डरी परीक्षा की अंकसूची ।

02 स्नातक प्रत्येक वर्ष की अंकसूचियॉ एवं उपाधि ।

03 मूल निवासी /स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति ।

04 **सक्षम अधिकारी द्वारा जारी स्थाई जाति प्रमाण पत्र विवाहित महिलाओं के मामले में स्वयं के नाम के साथ पिता के नाम का जाति प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति ।**

05 जिला चिकित्सालय बोर्ड म.प्र. द्वारा जारी निःशक्तजन प्रमाण पत्र की स्वप्रमाणित छायाप्रति ।

06 पहचान प्रमाण पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, बैंक पास बुक की प्रति, शासकीय कर्मचारी होने पर नियोक्ता द्वारा जारी परिचय पत्र की प्रति ।

07 भूतपूर्व सैनिक होने की स्थिति मे भूतपूर्व सैनिक होने का प्रमाण पत्र ।

08 व्यक्तिगत विवरण पत्रक की 05 छायाप्रति, अनुप्रमाणन फार्म की 02 मूल प्रति, उपस्थित पत्रक की 01 प्रति । समस्त कॉलम की पूर्ति कर प्रस्तुत करना है ।

05 **पैरा–2 में उल्लेखित दस्तावेज 30.04.2016 (शाम 05:30 बजे तक) तक आयोग को प्राप्त नहीं होते है तो यह माना जावेगा कि आप साक्षात्कार में भाग नहीं लेना चाहते हैं एवं आपकी उपरोक्त पद की उम्मीद्वारी निरस्त मानी जावेगी ।**

स्टाफ ऑफिसर